(b) if so, what are the details in this regard?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K. P. SINGH DEO): (a) Yes, Sir.

(b) After decanalisation of import of newsprint with effect from 1.4.92, the newspapers have been allowed to import newsprint direc ly or through handling agents. Therefore, at present, information regarding the source of import is not being maintained in the office of Registrar of Newspapers for India.

विज्ञापन तथा दृश्य प्रचार निदेशालय में कर्मचारियों की संख्या

2162. श्री **मोहम्मद अफजल उर्फ सीम अफजल** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 31 दिसम्बर, 1993 को विज्ञापन तथा दृश्य प्रचार निदेशालय में कर्मचारियों तथा अधिकारियों की संख्या कितनी थी ; और

(ख) उपयुक्त कार्यालय में 31 दिसम्बर, 1980, 31 दिसम्बर, 1985 और 31 दिसम्बर, 1990 को विज्ञापनों हेतु कितने-कितने समाचार पत्र पंजीकृत थे ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के. पी. सिंह देव) : (क) सूचना नीचे दी गई है :

अधिकारियों की संख्या	स्टाफ की कुल संख्या	
181	757	938

(ख) सूचना नीचे दी गई है ।

दिनांक	कार्यरत स्टाफ की संख्या		
	अधिकारियों की संख्या	स्टाफ की संख्या	कुल
31-12-80	139	516	655
31-12-85	166	661	827
31-12-90	138	864	802

विज्ञापन तथा दृश्य प्रचार निदेशालय में पंजीकृत समाचार-पत्र

2163. श्री **मोहम्मद अफजल उर्फ सीम अफजल** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विज्ञापन तथा दृश्य प्रचार निदेशालय में देश की समस्त भाषाओं में विज्ञापनों हेतु कितने समाचार-पत्र पंजीकृत हैं ; और

(ख) उपयुक्त कार्यालय में 31 दिसम्बर, 1980, 31 दिसम्बर, 1985 और 31 दिसम्बर, 1990 की विज्ञापनों हेतु कितने-कितने समाचार पत्र पंजीकृत थे ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के. पी. सिंह देव) : (क) 31-12-93 की स्थिति के अनुसार, 4366 प्रकाशनों को सरकारी विज्ञापन जारी करने के उद्देश्य के लिए विज्ञापन

और दृश्य प्रचार निदेशालय की सूची में शामिल किया गया था ।

(ख) 1980–81, 1985–86, और 1990–91 के दौरान विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय की सूची में शामिल किए गए प्रकाशों की संख्या क्रमश: 2300, 2796 और 3649 थी ।

दिल्ली दूरदर्शन पर क्षेत्रीय भाषाओं के कार्यक्रमों के लिए दिया गया समय

2164. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ भीम अफजल** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि 1992–93 के दौरान दिल्ली दूरदर्शन द्वारा क्षेत्रीय भाषाओं के प्रसारण कार्यक्रमों हेतु कितना समय दिया गया और इस बारे में भाषावार ब्यौरा क्या है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के. पी. सिंह देव) : किसी विशेष भाषा में कार्यक्रमों के प्रसारण के लिए दूरदर्शन केंद्र, दिल्ली में कोई विशिष्ट समय आवंटित नहीं किया गया है ।

दिल्ली दूरदर्शन पर राजनैतिक पार्टियों को दिया गया समय

2165. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ भीम अफजल** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि 1992–93 के दौरान दूरदर्शन के प्रसारणों में राजनीतिक पार्टियों को दिए गए समय का पार्टीवार ब्यौरा क्या है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के. पी. सिंह देव) : इस अवधि के दौरान, लोक सभा/राज्य विधान सभाओं के चुनावों के दौरान मान्यताप्राप्त राजनैतिक दलों द्वारा आकाशवाणी एवं दूरदर्शन पर प्रसारण संबंधी स्कीम के अंतर्गत दिल्ली दूरदर्शन, केंद्र ने निम्नलिखित राजनैतिक दलों को 15–15 मिनट का समय आवंटित किया :—

(1) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस

(2) भारतीय जनता पार्टी

(3) भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी)

(4) जनता दल

(5) जनता पार्टी

(6) भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी

Advertisements in Newspapers/Magazines

2166. **SHRI MOHAMMED AFZAL alias MEEM AFZAL**: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) the total space of advertisements given to various Newspapers/Magazines in terms of centimeters by DAVP during the period 1992-93; and

(b) what are the details of advertisements given in each language every year during the last three years alongwith space?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K. P. SINGH DEO): (a) During the year 1992-93, DAVP had released a total of 89,82,336 col. cms. space to various newspapers/magazines.

(b) Space-wise details of advertisements given in each language during the last three years i.e. 1991-92, 1992-93 and 1993-94 (April '93 to January '94) are given in the annexed statement